08.07.24



Tender Heart High School, Sector - 33-B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी सुलेख

शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : सरल हिन्दी सुलेख भाग - ३

प्यारे बच्चो !

आप अपनी लिखाई को सुन्दर बनाने के लिए सरल हिन्दी सुलेख भाग - ३ का अभ्यास निरन्तर कर रहे होंगे। सुन्दर लिखाई तभी हो सकती है यदि आप सुलेख कार्य नियम अनुसार करेंगे और रुचि से भी करेंगे। सुलेख लिखते समय अक्षरों की बनावट और निश्चित दूरी को बनाए रखना ज़रूरी है। अकसर विद्यार्थी लिखने से कतराते हैं या आलस और थकावट महसूस करते हैं। इस कारण लिखाई बिगड़ जाती है। लिखाई को सुधारने के लिए लिखने की आदत बनाना बहुत ज़रूरी है। लिखते समय वर्णमाला के अक्षरों की उचित बनावट पर ध्यान दें। जो अक्षर आप गलत लिख रहे हैं, उन्हें देखकर सही आकार में बनाने का अभ्यास करें।

जैसे :- त → । . न त त त त त
न → ० ० न न न न न

इस प्रकार का अभ्यास तब तक करते रहें, जब तक कि वह अक्षर आपको सही ढंग से लिखना न आ जाए।

अध्यापिका द्वारा आपको सरल हिन्दी सुलेख में अभ्यास करने के साथ-साथ एक अलग उत्तर-पुस्तिका में वर्ण एवं उससे मिलकर बने चार शब्दों का अभ्यास भी करने के लिए दिया जा रहा है। इस सप्ताह सभी

कक्षा - तीसरी
विषय - हिन्दी सुलेख


शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

विद्यार्थी गृहकार्य के साथ ही 'उ' वर्ण का अभ्यास करेंगे एवं 'उ' वर्ण से बने चार शब्दों का भी अभ्यास अपनी अभ्यास पुस्तिका में करेंगे। सभी विद्यार्थी सुलेख का अभ्यास बोल-बोलकर करेंगे।






1. उपहार



2. उस्तरा



3. उपवन



4. उल्लू

सभी विद्यार्थी इस प्रकार के अभ्यास से अपनी लिखाई में सुधार कर सकते हैं। अभ्यास करते समय अक्षरों की बनावट का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे।

गृहकार्य

सभी छात्र पृष्ठ संख्या 1 को 'सरल हिन्दी सुलेख' की पुस्तक पर लिखने का अभ्यास करेंगे। सुलेख लिखते समय अध्यापिका द्वारा बताई बातों का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे।

धन्यवाद।

अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करो।

अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करो।

पढ़ने के समय पढ़ना चाहिए।

पढ़ने के समय पढ़ना चाहिए।



दिनांक ......................



हस्ताक्षर ......................

CS CamScanner